अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ,उ0प्र0
Atal Bihari Vajpayee Medical University,Lucknow, U.P.

Reminder-2/By E-mail Only

पत्रसंख्याः 1524 / मेडिकल(100) / 2022 / नामांकन / अ0बि0वा0चि0वि0,

दिनांकः 11 जुलाई,2022

सेवा में,

Medical/Dental

निदेशक / प्राचार्य,
अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय,लखनऊ से सम्बद्ध
समस्त मेडिकल / डेण्टल कालेज / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषयः— **शैक्षणिक सत्र 2021—22के लिए MBBS/BDS Course की सम्बद्धता हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध 07 चरणों में आनलाइन फार्म को भरकर उसकी हार्डकापी सहित समस्त अभिलेखों की प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में अवगत कराना है कि अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ के पत्रसंख्या 1260,दिनांक 06जून,2022 एवं पत्रांक 1313, दिनांक 13जून, 2022 द्वारा विश्वविद्यालय से MBBS/BDS की शैक्षणिक सत्र 2021—22 के लिए सम्बद्धता हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध 07 चरणों में फार्म को आनलाइन भरकर उसकी हार्डकापी सहित अभिलेखों की प्रमाणित प्रति को दिनांक 27 जून,2022 तक जमा करने का समय दिया गया था फिर भी अभी तक जिन मेडिकल कालेजों एवं डेण्टल कालेजों को विश्वविद्यालय द्वारा Letter of Consent/Intent दिया जा चुका है, उनमें से कुछ कालेजों ने सम्बद्धता हेतु निर्धारित फीस जमा करके वांछित अभिलेख अभी तक जमा नहीं कराया है, जिससे उन कालेजों का **कालेज कोड आवंटित न होने के कारण छात्रों के नामांकन का कार्य नहीं हो पा रहा है।**

इस संदर्भ में मा0कुलपति महोदय द्वारा यह अपेक्षा की गई है कि जिन मेडिकल कालेजों एवं डेण्टल कालेजों / संस्थानों द्वारा अभी तक MBBS/BDS की सम्बद्धता संबंधी अभिलेख विश्वविद्यालय में नहीं भेजा गया है, ऐसे समस्त कालेज विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सम्बद्धता शुल्क जमा करते हुए अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सम्बद्धता वर्ष 2021—22 के लिए उपलब्ध 07 चरणों में फार्म को आनलाइन भरकर उसकी हार्डकापी सहित तत्संबंधी समस्त आवश्यक अभिलेखों (दोनों साइड फोटोकापी कराकर) की प्रमाणित प्रति विश्वविद्यालय में अधिकतम 15 दिनों के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि शीघ्र सम्बद्धता प्रदान की जा सके, **अन्यथा विलम्ब की स्थिति में छात्रों का नामांकन न होने से उनके परीक्षा आदि में विलम्ब होने पर कालेज ही उत्तरदायी होगा ।**

भवदीय,

11/7/22

(उदय सिंह)
कुलसचिव ।

संख्या व दिनांकः:उपर्युक्त।

प्रतिलिपिः—निजी सचिव,मा0कुलपति,अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ को महोदय के संज्ञान में लाने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

कुलसचिव ।

9th floor, Academic Block, Dr. Ram Manohar Lohia Institute of Medical Sciences, Vibhuti Khand, Lucnow- 226210.
Email: regabvmuup@gmail.com,web:www.abvmuup.edu.in